**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

भारत 2023 INDIA

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.10.2023

## आरेडिका में चला वृहद स्वच्छांजलि अभियान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2023 से 02.10. 2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा-2023" का आयोजन किया जा रहा है। जिसके के अन्तर्गत आज दिनांक 01.10.2023 को महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आवासीय परिसर एवं फैक्ट्री परिसर में वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा - 2023 के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1 अक्टूबर के दिन 10 बजे से सभी देशवासियों से स्वच्छता के लिए कम से कम 1 घण्टा श्रमदान करने की अपील की है। जिससे हम अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा और सुन्दर बना सकें।

उक्त अपील के अनुपालन हेतु आरेडिका के आवासीय परिसर एवं कारखाना परिसर को स्वच्छता अभियान हेतु 7 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों को सिविल, विद्युत, कार्मिक, चिकित्सा, स्टोर और उत्पादन आदि विभागों के मुख्य विभाग अध्यक्षों के नेतृत्व में आरेडिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने श्रमदान द्वारा आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, मिनी एडमिन, कारखाने के सभी शॉपों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

कार्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत केन्द्रीय विद्यालय के अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं के श्रमदान से विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी और कर्मचारी ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

01/10/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी